हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

08 कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न पर गठित ..



09 अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों का पेट भरने 27 ...



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर को दी बधाई



**बेमेतरा।** नवनियुक्त कलेक्टर रणबीर शर्मा से नगर पालिका पार्षद नीतू कोठारी ने शुक्रवार को सौजन्य मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की जिले में पदस्थ होने पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

### तीन दिवसीय सस्वर मानस गान स्पर्धा शुरू

**बालोद/कलंगपुर।** मानस प्रचार प्रसार समिति एवं समस्त ग्राम वासी परसदा मोखा के द्वारा 5 से 7 जनवरी तक तीन दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन शुक्रवार को आमंत्रित अतिथियों के द्वारा संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 20 मानस मंडलियां भाग लेंगी। प्रतिभागी मंडली के लिए प्रथम पुरस्कार 2001 रुपया, दूसरा पुरस्कार 1801 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1601 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1401 रुपया एवं पंचम पुरस्कार 1201 रुपया पुरस्कार रखा गया है। साथ ही प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 8 जनवरी को रात्रि में सुर संझा लोक कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी धानेश्वर राम साहू ने दी।

### आज पेंशनर समाज की बैठक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की बैठक आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुन्दा के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में बालोद जिला के सभी तहसीलों तथा जिले के पदधिकारीगण उपस्थित होंगे। बैठक में पेंशनरों की सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के उपायों पर निर्णय लिए जाएंगे। नए वर्ष 2024 की तहसील तथा जिले की सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से विचार किया जावेगा। इस बैठक में रायपुर से मुकेश कुमार साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी देंगे। उक्त जानकारी सचिव टामन सिंह पवार ने दी है।

### ग्राम डुंडेरा में 7 को कबड्डी प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा में 7 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गांव के स्कूल मैदान में किया जाएगा। ग्राम सरपंच छबिलाल कोर्राम ने बताया इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000 तथा तृतीय 2000 हजार रूपए रखा गया है। आयोजन में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 250 रूपए रखा गया है। दोपहर 3 बजे से स्पर्धा प्रारंभ होगी।

### शिवाजी नगर में रोड व नाली पर अवैध कब्जा

**भिलाई।** वार्ड-34 वीर शिवाजी नगर निषाद सेवा समिति के आसपास निर्मित नाली पर अवैध कब्जा हो गया है। जिसकी शिकायत भिलाई नगर निगम आयुक्त से रहवासियों ने की है। रहवासियों का कहना है कि कई लोगों द्वारा नाली व रोड पर कब्जा किया गया है। जिसकी वजह से नाली का गंदा पानी आसपास फैल रहा है। लोगों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### ठेकवाडीह में 13 को कबड्डी स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में शुभम कबड्डी क्लब के तत्वधान में एक दिवसीय डे–नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 जनवरी को किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपए हैं।

## गोलमाल

### केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का जिले में बुराहाल

# पेयजल के लिए करोड़ों खर्च का दावा फिर भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2025 तक जिले के सभी गांव में घर-घर नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। परंतु इस योजना का जिले में हाल बेहाल नजर आ रहा है। योजना की पड़ताल की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां मिलेगी। आलम यह है कि तीन स्तर पर मॉनिटरिंग के बावजूद कार्य की गुणवत्ता और योजना का प्रयोजन पूरा नहीं होने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर ने अपना पदभार ग्रहण करते ही पहली समीक्षा बैठक जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की ले रहे हैं।

बता दें कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जिले के 688 गांव में योजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार की ओर से 600 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के अंतर्गत जिले के सैकड़ों गांव में करोड़ों रुपए खर्च होने के साथ कार्य पूर्ण होने का दावा विभाग की ओर से किया जा रहा है, लेकिन हरिभूमि टीम की पड़ताल में जिन गांवों में कार्य पूर्ण होने की बात विभाग की ओर से कही गई है। वहां ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। वहीं कई गांवों में महीनों से काम बंद है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण योजना के औचित्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं। टीम ग्राम अमोरा, करचुवा, ढोलिया, खुरूसबोड़, सैगोना समेत अन्य गांव में पड़ताल के लिए पहुंची। यहां ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने की शिकायत है। इस संबंध में कलेक्टर की ओर से समीक्षा बैठक बुलाई गई है। गांव में योजना को लेकर सत्यापन कराए जाने पर बड़े खुलासे होंगे और विभाग के दावों की सत्यता सामने आ जाएगी।

**खास बातें**

- 600 करोड़ की योजना, क्रियान्वयन पर सैकड़ों करोड़ खर्च, कहीं काम बंद, तो कहीं नहीं आ रहा पानी
- जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जल जीवन मिशन की आज बैठक में करेंगे समीक्षा
- कार्य पूर्णता का हवाला देकर ठेकेदारों ने खड़े किए हाथ



### कार्य पूर्ण पर ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

गौरतलब हो की हरिभूमि द्वारा जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ियों को उजागर किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य पूर्ण होने के बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कई गांव में महीनों से कार्य बंद पड़ा है। वहीं ठेकेदार कार्य पूर्णता के संबंध में संबंधित सरपंचों को जानकारी नहीं दे रहे हैं। यहां पर डीपीआर, टेंडर धरातल पर काम हर स्तर पर गड़बड़ी हो रही है। तय मानकों को ताक पर रखा जा रहा है। गांव की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जहां गलियां कीचड़ से सराबोर है। ग्रामीण परेशान है, लगातार शिकायत के बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बैठक में योजना से संबंधित कार्यों की होगी समीक्षा

जल जीवन मिशन अंतर्गत अनुबंधित सिंगल विलेज योजना, रेट्रोफिटिंग योजना, सोलर आधारित हर घर नल, हर घर जल योजना में कार्य कर रहे समस्त ठेकेदारों एवं टीपीआई प्रतिनिधियों के साथ प्रगतिरत कार्यों जैसे क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन, पाईपलाईन, पानी टंकी, विद्युत कनेक्शन, बाउंड्रीवॉल, ग्रामों में हर घर नल हर घर जल प्रमाणीकरण पत्र, दीवार लेखन की समीक्षा की जाएगी ।

### थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सिर्फ औपचारिकता तक सीमित

थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन यानी टीपीआई पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि इनकी सहमति के बिना ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाता। टीपीआई के अंतर्गत नियुक्त एजेंसी के पदाधिकारी जो तकनीकी जानकार है। फील्ड पर जाकर कार्य की गुणवत्ता समेत अन्य कार्यों की जांच कर रिपोर्ट तैयार करते हैं। इसके बाद ही ठेकेदार को भुगतान किया जाता है। सूत्रों के अनुसार इन अधिकारियों के द्वारा घर में बैठकर ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर सहमति दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि थर्ड पार्टी इन्फेक्शन के लिए संबंधित संस्थान को एक तय शुदा भुगतान किया जाता है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजना की बैठक आज

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में अपने पहले कदम में ही जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज शनिवार 6 जनवरी को सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की है । कार्यपालन अभियंता पीएचई एवं समिति के सदस्य सचिव ने सर्व संबंधितों सदस्यों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। बैठक में विभिन्न एजेंडा जैसे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, निविदा आमंत्रण के पश्चात न्यूनतम दर से अधिक एसओआर, पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति की निरंतरता में पुनरीक्षित, प्रशासकीय स्वीकृति की अनुमोदन पर चर्चा जहां होगी। वहीं 30 सितंबर के उपरांत प्राप्त आंबटन एवं किए गए भुगतान की अनुमोदन पर चर्चा। नलजल योजना, नलकूप खनन कार्य के लिए निविदाकारों के पूर्व योग्यता, पीक्यू में पात्रता, अपात्रता एवं न्यूनतम दरों की स्वीकृति व अनुमोदन पर चर्चा, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्यों के लिए चयनित स्थल विवाद पर चर्चा होगी।

# राजस्व अधिकारी 10 दिनों में करें मैप-1 का सत्यापन : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- एसडीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ली बैठक



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आईएएस सुश्री सुरुचि के. ने अनुविभाग बेमेतरा के राजस्व अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारीगण की बैठक लेकर राजस्व विभाग अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की । बैठक में उन्होंने समस्त राजस्व कर्मचारी व अधिकारी को स्वामित्व योजना के अंतर्गत मैप-1 का सत्यापन आगामी 10 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने राजस्व मामलों का निपटान समय सीमा में करने क़ो कहा और कहा की विधानसभा निर्वाचन के कारण काफी बैकलॉग हो गया है, इसलिए मामलों एवं आवेदनों के त्वरित निष्पादन से लोगों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए और आम जानता के कार्य समय पर पूर्ण हो सके । एसडीएम ने पटवारियों क़ो उनके हल्का मुख्यालय में उपस्थित रहने क़ो कहा क्योंकि जिस दिन बाजार होगा उस दिन लोग की संख्या अधिक होगी। इसलिए उन्हें उस दिन विशेष रूप से मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए | मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर को बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों का सहयोग करने एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अनुविभाग बेमेतरा में मिशन 150 के तहत आयुष्मान कार्ड को सेचुरेशन तक लाने हेतु निर्देश दिया।

# स्व. ताराचंद ने सभी समाजों को साथ लेकर किया विकास कार्य : दीपेश

## बेरला में स्व. ताराचंद साहू जयंती एवं सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




तहसील साहू संघ बेरला द्वारा पूर्व सांसद स्व. ताराचंद साहू जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर्मा भवन बेरला में किया गया। मुख्य अतिथि हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू रहे साथ ही बेमेतरा के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि साहू समाज के पुरोधा के रूप में माने जाने वाले दिवंगत ताराचंद साहू के द्वारा जनहित के कार्यों को स्मरण करते हुए उनकी जयंती साहू समाज के लोगों द्वारा मनाई जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा एवं स्वर्गीय ताराचंद साहू के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

दीपक साहू ने कहा कि साहू समाज की विशेषता यह है की यह समाज ईमानदारी के साथ मेहनती है। समाज के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। दीपक साहू ने साहू समाज से नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई देते हुए समाज के विकास के लिए काम करने की बात कही। विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित सभी सामाजिक एवं जनता जनार्दन को विधानसभा में आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि स्व ताराचंद साहू ने दुर्ग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कई बार सांसद बनकर का प्रतिनिधित्व किया। राजनीतिक पद रहते हुए उन्होंने स्थानीय समाजों को आगे बढ़ाने, समाजिक एकता और शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए है। श्री साहू सभी समाजों को संजोकर रखते हुए विकास कार्य कराए। छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और अस्मिता के लिए कई कार्य किए है। सांसद पद पर रहने के दौरान वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हुए गांव के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य प्रति जागरूक करने में हमेशा तत्पर रहते थे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष गेंदराम साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार साहू, गजानंद साहू, नारद साहू, अरुण साहू, छेदीलाल साहू, बेनुराम साहू, मोंटी साहू, गौकरण साहू, निखिल साहू सहित समाजिक बन्धु उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार एवं राज्य प्रभारी ने ली समीक्षा बैठक

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ : सी.एस. कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रगति के संबंध में सी.एस. कुमार अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय एवं राज्य प्रभारी छत्तीसगढ़ द्वारा शुक्रवार को वर्चुअल समीक्षा बैठक ली। बेमेतरा जिले से कलेक्टरेट के विसी कक्ष से अधिकारी जुड़े | बैठक में विभाग के अधिकारी सम्पूर्ण जानकारी सहित बैठक में उपस्थिति हुये |

बैठक में राज्य प्रभारी एस. कुमार ने संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग के अधिकारियों के साथ शिविरों के सम्बंध में नियमित मॉनिटरिंग करने एवं प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। बैठक में आयुष्मान कार्ड धारकों का ई-केवाईसी करने तथा केवाईसी पेंडिंग के निस्तारण करने कहा।

अतिरिक्त सचिव ने कहा की इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीबी एवं सिकलसेल के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, केसीसी कार्ड, लैण्ड रिकार्ड को अपडेट किए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाये और कोई भी पात्र हितग्राही ना छूटे इसका विशेष रूप से ध्यान देवें ।

संकल्प यात्रा के अवसर पर गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का प्राथमिकता से हेल्थ चेकअप किया जाये कोई भी स्वास्थ्य से संबंधित चीज़ो मे लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी । बैठक में जिला पंचायत सीईओ, सर्व सीईओ जनपद पंचायत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर में बनेगा नवीन मार्केट, वेंडिंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नवीन मार्केट वेंडिंग में भीड़ और अतिक्रमण की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब इस समस्या के समाधान के लिए राजस्व विभाग और नगर प्रशासन कदम उठा रहा है। इसी संदर्भ में एसडीएम सुरुचि सिंह ने पथ विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें क्षेत्र के पुनर्गठन की योजनाओं की जानकारी दी।

इस बैठक में दुकानदारों को बताया गया कि उन्हें पौनी परासी में शिफ्ट किया जायेगा और अतिक्रमण हटाया जायेगा। इस बैठक में विक्रेताओं ने बड़ी दिलचस्पी से हिस्सा लिया और अपनी शंकाएं भी पूछीं. बातचीत में तय हुआ कि 16 जनवरी के आसपास इन दुकानदारों का अतिक्रमण हटा दिया जायेगा, इन्हें लॉटरी सिस्टम से वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा और अब इन्हें अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। पार्किंग की जिम्मेदारी दो स्वयं सहायता समूहों को दी गई है और वे पार्किंग का चालान काटेंगे। पीएम स्वनिधि योजना के जरिए स्ट्रीट वेंडर्स को भी लोन दिया जाएगा। वेंडिंग जोन भी इस प्रमुख योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है। शहर में पहले से ही सिंघौरी वेंडिंग जोन स्थापित किया गया है जो सफल रहा है।

## विधायक साहू ने ली अधिकारी एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक

# शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा



साजा विधायक ईश्वर साहू ने जनपद कार्यालय सभागार में प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। समीक्षा बैठक में श्री साहू ने कहा कि अब अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशानुरुप कार्य करना होगा।

जनता के लिए शासकीय योजनाएं सरकार तैयार करती है, लेकिन निरंतर शिकायतें आ रही है कि उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह चिंतनीय विषय है, अब भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बन गई है। साजा की जनता ने मुझे इस सरकार का हिस्सा बनाया है। आप सभी की जिम्मेदारी है कि जन भावनाओं के अनुसार आप काम करें। शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे यही सरकार का उद्देश्य है। श्री साहू ने कहा कि पूर्व सरकार के जनप्रतिनिधियों की तरह डर, भय निर्मित करना मेरी आदत में नहीं है, लेकिन जनता की उपेक्षा मैं बर्दाशत नहीं करूंगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब साजा में सट्टा, जुआ, अवैध शराब बिक्री नहीं चलेगी। ऐसे कार्य करने वालों के साथ किस तरह निपटना है यह अधिकारी तय करें। उन्होंने सभी लोगों को शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने कमर कसने का निर्देश दिया है।बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अधिकारी और जनता के बीच सही संवाद हो, कार्यकर्ताओं की शिकायत ना हो, क्योंकि कार्यकर्ता संगठन की एक कड़ी है। बैठक में साजा के एसडीएम विश्वास राव मास्के, गोवेन्द्र पटेल जिला पंचायत सभापति मूलचंद शर्मा, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य नथमल कोठारी, बल्लू साहू मंडल अध्यक्ष ईश्वर पटेल, ज्वाला सिंह राजपूत, हरिशंकर टावरी, मनोज वर्मा अधिवक्ता, राजेश सिंह ठाकुर, रोहित सिंह राजपूत, प्रेमलाल साहू, सोनू वर्मा, सोनू पटेल, नारद वर्मा, जनपद सदस्य हीरालाल साहू, गौतम वर्मा, जनपद सदस्य परमेश्वर वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष बेमेतरा राजेंद्र ठाकुर, पुन्नी पटेल, विनोद शर्मा, चंद्रशेखर साहू, प्रेमलाल वर्मा, थाना प्रभारी साजा, तहसीलदार साजा अंबर गुप्ता, रमेश शर्मा अनुभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उमाकांत सुकदेवे अनुभागीय अधिकारी जल संसाधन, प्रकाश मेश्राम जनपद सीईओ, रविंद्र रतन बंजारे अनुभागीय अधिकारी आर्यस टीकम वर्मा पंचायत इंस्पेक्टर मौजूद थे।

# 14 राज्यों की सांस्कृतिक रैली निकली

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की मेजबानी में सोमनी महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक रैली निकाली। विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग से मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक होते हुए रेल्वे स्टेशन, दुर्ग के सामने से वापस लौटी। देश के 14 प्रान्तों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेष, आसाम, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान,महाराष्ट्र, ओडिसा, झारखण्ड, आंध्रप्रदेश, कोलकाता, गुजरात आदि के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने–अपने प्रदेश की लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करते हुए रंग बिरंगी पोशाकें एवं वाद्ययंत्र धारण किये थे। रैली को कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं क्षेत्रीय निर्देशक अशोक श्रोती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### निज सहायक बेलचंदन बनने पर दी बधाई

**दुर्ग।** युवराज बेलचंदन को ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण) के निज सहायक बनाए जाने पर बधाई देते हुए संजय चंद्राकर सीएसी निकुम, किशोर कुमार दिल्लीवार सीएसी विनायकपुर, कमल वैष्णव सीएसी तिलक एवम्-अन्य साथी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को विधायक ने लिखा पत्र

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में मरीजों को



सुविधा दिए जाने और संसाधनों में विस्तार के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने केन्दिय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख एल मंडाविया को पत्र लिखा है। विगत दिनों 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर उनके द्वारा स्वास्थ्य के मामले में बैठक भी ली गई थी। जिसके बाद विधायक ने जिला अस्पताल में हदय की मरीजों हेतु कार्डियक सेंटर एवं कैथ सेट-अप की आवश्यकता व मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल के बिस्तरों की संख्या 100 से 200 बिस्तरों बढाने की मांग की है। इसके आलावा उन्नत ट्रामा यूनिट एवं उनके मानव संसाधन और जिला चिकित्सालय दुर्ग के रेडियोलाजी विभाग में मरीजों की सुविधा हेतु एमआर आई की सुविधा प्रारंभ किये जाने हेतु सेटअप की आवश्यकता होने की जानकारी दी गई है।

### वीवाई अस्पताल ने नहीं दिया नोटिस का जवाब




**दुर्ग।** विगत 30 जून को धमधा निवासी गर्भवती महिला की मृत्यु मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपना पक्ष नही रखा गया है। अफसरों का कहना है कि, मातृत्व मृत्यु की समय पर जानकारी एवं विभागीय नोटिस का जवाब नहीं देना। प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है, जो कि छग उपचार्यगृह एवं रोगोपचार संबंधी अनुज्ञापन अपिनियम, छग नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है।

### श्रीराम कथा व 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ 15 फरवरी से

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम भिलाई में सांसद विजय बघेल, प्रीतमपाल बेलचंदन, संत राम बालक दास महात्यागी पाटेश्वर धाम, संत कान्हा महाराज संस्था कार्यकारिणी के रामचरण-अनुरागी गुरुदेव स्वामी रामभद्राचार्य के कृपा पात्र शिष्य प्रमुख संरक्षक डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राम-कथा-वाचक एवं सेवा समिति के सतीश कुमार चौबे मुख्य सलाहकार, समिति अध्यक्ष मनीष सिंह गौर, कार्यक्रम के प्रमुख जजमान संदीप कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में फरवरी में होने जा रही नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गया।

### बीएसपी ने 2023 में फिर किया रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान कई क्षेत्रें में रिकर्ड उत्पादन स्तर दर्ज किया है। पहली बार संयंत्र ने एक कैलेंडर वर्ष में सेलेबल स्टील उत्पादन और डिस्पैच के लिए लोडिंग में 5 मिलियन टन के आंकड़े को पार किया है। व 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.26 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया गया । इसी प्रकार वर्ष 2023 में डिस्पैच के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.23 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग दर्ज करते हुए वर्ष 2021 में हासिल किए गए 4.68 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग को पार किया।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न पर गठित समिति करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति एवं विभाग की आंतरिक शिकायत समिति की बैठक विगत दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में कामकाजी महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। अधिनियम के प्रावधानो पर विचार-विमर्श किया गया, स्थानीय शिकायत समिति, आंतरिक शिकायत समिति कार्य, कार्यक्षेत्र क्या होगा, समिति को शिकायत प्राप्त होने पर, समिति द्वारा तत्काल एवं नियमित सुनवाई के लिए कार्य योजना बनाई गई। किसी महिला के साथ

## जिले में महिला उत्पीड़न का बुरा हाल, शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं




कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसी घटना घटित होने पर वह उस विभाग में गठित आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष शिकायत कर सकती है, साथ ही यदि शिकायत कार्यालय प्रमुख के खिलाफ है तो या कार्यालय में 10 से कम कर्मचारी होने के कारण आंतरिक शिकायत समिति गठित न होने की दशा में शिकायत, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष की जा सकती है। कलेक्टर द्वारा नगर निगम दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली के आयुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जामुल एवं अहिवारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत धमधा, उतई, पाटन, अम्लेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा और पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 7 दिन के अंदर समिति के पास प्रकरण

ग्रामीण एवं नगरीय निकायों से शिकायत प्राप्त करने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, कार्यस्थलों से लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत और 10 से कम कर्मचारी होने के फलस्वरूप आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया हो अथवा शिकायत नियोक्ता के विरूद्ध की गई है। शिकायत समिति को 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा।

### जिले में शिकायत बाद भी कार्यवाही नहीं

भले ही महिला उत्पीडन को लेकर कई समितियां गठित की जाए। लेकिन जिले के मुख्यालय में विगत दिनों लगातार शिकायत प्राप्त हुई। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नही की गई है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ डां जामगढे द्वारा उत्पीडन की शिकायत वही के महिला स्टाफ ने की थी, इसके आलावा शिक्षा विभाग के पास जेआरडी स्कूल के एक शिक्षक ने वही की महिला स्टाफ के साथ छेडछाड किया। दोनो ही मामले में शिकायत की गई। लेकिन दोषियों पर कार्यवाही नही हुई।

## राज्य आयोग ने चुनाव के पहले जारी की थी राशि

# साढ़े छह हजार को बंटा चुनावी मानदेय, 4 हजार अधिकारी-कर्मचारी ताक रहे राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### जिले में डेढ़ करोड़ रुपए मानदेय के लिए जारी किया गया

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भले ही विधानसभा चुनाव के पहले इस बार सभी जिलों को चुनाव में लगे कर्मियों के मानदेय राशि जारी कर दी गई थी। लेकिन चुनाव होने के डेढ माह बाद भी करीब चार हजार कर्मियों को वेतन जारी नही हो सका है। हांलाकि चुनाव में लगे दस हजार कर्मियों में साढे छः हजार को करीब 73 लाख 60 हजार रूपए जारी हो चुका हैं।

मिली जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव में करीब दस हजार कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई




थी। जिले में छः विधानसभा के लिए आयोग द्वारा डेढ करोड रूपए राशि जारी किया गया था। इसमें से जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दल में शामिल 5940 कर्मियों को पहले किस्त में 5 लाख 79 हजार 15 सौ रूपए जारी किए गए। वही 132 मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक को 9 लाख नब्बे हजार रूपए जारी किया गया। मतगणना में शीलिंग कार्य में लगे कर्मियों को 16500 और एमसीएमसी, काल सेंटर व ईईएम में लगे कर्मियों को 498400 रूपए जारी किया गया है। इस तरह आयोग द्वारा जारी करीब डेढ करोड में 73 लाख 60400 रूपए जारी किए गए है। जबकि चार हजार कर्मियों का भुगतान शेष है।

### आरटीओ को बिल बनाने फुर्सत नहीं

चुनाव निपटने के बाद इधर वाहन मालिक भाडा राशि के लिए परेशान है। चुनाव में करीब एक हजार से अधिक छोटी व बडी गाडियां लगी थी। जिसके एवज में किराया व डीजल का भुगतान किया जाना है। आयोग द्वारा चुनाव के पहले 24 लाख रूपए जारी किया गया था। हांलाकि जानकारी अनुसार वाहन में अस्सी लाख से अधिक खर्च होने की बात कही जा रही है। हांलाकि अभी आरटीओ ने बिल जिला निर्वाचन आयोग को नही दिया हैं।

### इन्हें नहीं हो पाया भुगतान

जानकारी अनुसार माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मी, मतदान दल में शामिल तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मी, वही सरकार वाहन प्रभारी को भुगतान नही हो पाया है। इसके आलावा केन्द्रिय सुरक्षा बल और राज्य सुरक्षा बल के जवानों को भी भुगतान बाकी है। वही करीब 1479 बीएलओ भी शेष रह गए है। जिला निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी अनुसार चुनाव में लगे अधिकारी व कर्मचारी जिन्हें मानदेय नही मिल पाया हैं, वे जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# 70 हजार लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अंतिम पड़ाव मंगल बाजार छावनी शहीद चुम्मन वार्ड 40 में आयोजित हुआ। विगत 13 दिनों से चले यात्रा में 26 स्थलो पर शिविर लगाकर निगम के संपूर्ण 70 वार्डों के हितग्राहियों तक पहुंच बनाया गया और नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजना से जोड़ा गया है। करीब 24 हजार 606 नागरिकों ने विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये। शिविर स्थल छावनी तथा मानव आश्रम सेक्टर- 1 में पार्षद वीणा चंद्राकर , गिरिजा बंछोर, शकुन्तला साहू, जिला अध्यक्ष ब्रिजेश ब्रिजपुरिया, महामंत्री योगेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। 13 दिनों तक भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थानों पर लगे शिविर में 70 हजार से अधिक नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास लगातार मॉनिटरिंग किया।

- पीएम स्वनिधि से ऋण लेने 12 सौ लोगों ने लिया फॉर्म

# सर्व सनातन धर्म शोभायात्रा की तैयारी के लिए जुटे समाजसेवी व प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में सर्व सनातन धर्म शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महर्षि दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ-साथ सनातन मूल्यों को स्थापित करने के लिए आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई 18 जनवरी को प्रातः 9 बजे सर्व सनातन शोभा यात्रा का आयोजन कर रहा है। इस सनातन शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए आज बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि एवं समाजसेवी आर्य समाज में जुटे। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं मंत्री प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

- 18 जनवरी को ऐतिहासिक सर्व सनातन धर्म यात्रा आयोजित



अंकित शर्मा ने धार्मिक जय घोष लगाया। कार्यक्रम में भारती बेन, मधुबाला पंडित, विभा शर्मा, अजय पंडा, बालू राम शर्मा, बीके गौरव शुक्ला, मनोज ठाकरे, भानु राव, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, डीपी चौधरी, रामचंद्र, डॉ. प्रमोद नामदेव, सुमन मेरी चिलामिया, नीता चौरसिया, योजना डाहके आदि ने अपने विचार रखे। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग नहीं बताया आर्य समाज ने शुरू से ही हिंदू समाज की कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर करके उसे मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया है । सामाजिक कुरीतियों और परंपराओं का भी महर्षि दयानंद ने इसी दृष्टि से विरोध किया था। आर्य समाज मानता है कि जो समाज संगठित रहता है वही समाज प्रासंगिक और शक्तिशाली बना रहता है। बैठक में ब्रह्माकुमारी आर्य समाज आस्था बहुउद्देशीय संस्था उत्कल समाज जगन्नाथ मंदिर पर्यावरण मित्र आंध्र ब्राह्मण समाज संस्कार भारती संत नामदेव आरोग्य सेवा समिति जलकंठेश्वर मंदिर सेक्टर 6, चौरसिया समाज आदि विशिष्ट सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## मेले में स्वदेशी उत्पाद होंगे आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा आत्मनिर्भर महिलाओं को उनके स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध करवाएगी। इसे लेकर 7 जनवरी, रविवार को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स के पास, दुर्ग में भव्य मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला प्रातः 10 बजे से शुरु होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगा। स्वदेशी भारतीय उत्पादों एवं उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मेला में आत्मनिर्भर महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। मेला के आयोजन में चेबर युवा विग, स्वावलंबी भारत अभियान और कैट इकाई सहयोगी संस्था है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि, चेंबर की महिला इकाई स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## कलेक्टर ऋचा ने किया पदभार ग्रहण



**दुर्ग।** नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरूवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी इससे पूर्व जांजगीर–चांपा जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। दुर्ग जिले के निवर्तमान कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा (आईएएस) ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कार्यालय में पदस्थ सभी अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा सांसद विजय बघेल ग्राम लोहरसी में हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर में शामिल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल का स्वागत जिला पंचायत सदस्य दुर्ग हर्षा लोकमणी चंद्राकर और ग्रामवासियो ने किया।



इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का शिविर लगाकर आयुष्मान भारत कार्ड , पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रमाण योजना, नैनो फर्टिलाइजर ऐसी केन्द्र सरकार की योजनाओं को शिविर लगाकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद सरोज ने दी ई-ट्राईसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के द्वारा सांसद निधी से आज खुर्सीपार निवासी दिव्यांग मेजर सिंग को ई-ट्राईसिकल प्रदान किया गया। दिव्यांग मेजर सिंग खुर्सीपार जोन 2 सेक्टर 11 का निवासी है। दिव्यांग होने के कारण अपना कार्य माता-पिता, बच्चों और बैसाखी के सहारे पूरा करता था । परन्तु अब राज्य सभा सांसद द्वारा मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल दिया गया है अब वह अपने कार्य ई-ट्राईसिकल के सहारे पूरा करेगा। सांसद ने कहा मेजर सिंग को अब किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और यही मेरे लिए एक सुखद अनुभूति है।

- मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल मिलने से खुशी



## कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना से मिलेगी पहचान

# व्यवसायों के लिए मिलेगा प्रशिक्षण, अनुदान व ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। यह योजना 17 सितम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान, ऋण आदि से लाभान्वित किया जा रहा है।

योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, विश्वकर्माओं के उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़ कर उनका कौशल विकास करना, उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार, टूल किट प्रदान करना, संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। योजनातंर्गत आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदक सामान्य सेवा केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते है।



### 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय-बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पंजीकृत हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की राशि 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर दिया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीयन के बाद उनके पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 दिन का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा एवं 500 रूपये प्रतिदिन की दर से स्टाईफंड दिया जाएगा। उन्हें यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि भी दी जाएगी।

# नेहरू नगर फ्लाईओवर की फॉलसीलिंग गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नेहरू नगर चौक में नेशनल हाईवे पर करोड़ों रूपये खर्च कर बने फ्लाईओवर के नीचे की फॉलसीलिंग गुरुवार की सुबह भरभराकर गिर गई हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन चंद महीने के भीतर फॉलसीलिंग का इस तरह भरभरा कर गिर जाना अपने आपमें आश्चर्यजनक घटना है। घटना को लेकर ब्रिज पूर्णता प्रमाण पत्र दिया जाना और संबंधित अधिकारियों की जांच पर उंगली उठने लगी है। निगम आयुक्त ने कहा कि जांच करवाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बीच नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीचे बनी फॉलसीलिंग गिर गई। अलग-अलग स्थानों पर बना तीन स्ट्रक्चर ढह गया है। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे होने के कारण इस पर ट्रैफिक काफी रहता है लेकिन सुबह का समय होने से जान माल का नुक़सान नहीं हुआ। सिग्नल पर गिरने के समय कुछ वाहन चालक मौजूद थे लेकिन जब उन्होंने ढांचा ढहते देखा तो वे वहां से हट गए। अगर हादसे के वक्त ट्रैफिक ज्यादा होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। जानकारी मिली है कि ओवरब्रिज की फॉलसीलिंग का काम नगर निगम ने निजी कंपनी को सौंपा था जबकि मानीटरिंग नगर निगम की ही थी। जानकारों ने कहा कि यह हादसा कमजोर ढांचे और निर्माण में लापरवाही के कारण हुआ है।

## खबर संक्षेप



### नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनियमित मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा के प्रांतीय संयोजक गोपाल प्रसाद साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों की बातों को ध्यान से सुना और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। पदाधिकारियों ने अभिनन्दन कार्यक्रम के लिए समय देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में गोपाल प्रसाद साहू संयोजक, प्रेम प्रकाश गजेन्द्र, सह संयोजक एवं राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### जिला नोडल अधिकारी डॉ. मिश्रा को दी विदाई



**रायपुर।** विगत दिनों राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण की राज्यस्तरीय समीक्षा और डॉ. सुभाष मिश्रा की विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपसस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. मिश्रा को विदाई दी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि श्री मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज रायपुर की नेत्र चलित इकाई के प्रभारी एवं रायपुर के जिला नोडल अधिकारी के रूप में 25 वर्ष सेवाएं दीं। 2010 से 4 वर्ष राज्य कार्यक्रम अधिकारी का कार्य किया। राज्य में मोतियाबिंद मुक्त दृष्टिहीनता रहित जिला योजना, कॉर्निया ब्लाइंडनेस फ्री स्टेट, एंबेसडर फॉर आई केयर, संपूर्ण नेत्र सुरक्षा, बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह, स्पेशल आई क्लीनिक फॉर ग्लाकोमा, रेटिना एंड पीडियाट्रिक ऑफ थैल्मोलॉजी, राष्ट्रीय राजमार्ग वाहन चालक नेत्र परीक्षण, टेलीविजन सेंटर जैसी योजना प्रारंभ की गई, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

### क्रिकेट मैच में छग गृह निर्माण मंडल की धमाकेदार जीत



**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ की ओर से नवा रायपुर के ग्राम राखी स्थित खेल मैदान में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं मंत्रालय से 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इस टूर्नामेंट में दिन का दूसरा मैच छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल तथा संचालनालय पेंशन एवं भविष्यनिधि के बीच खेला गया। टॉस जीतकर संचालनालय की टीम ने गृह निर्माण मंडल को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया।

# अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों का पेट भरने 27 वर्ग किलोमीटर में हर्बिवोर !

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

किसी भी राज्य के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने प्राकृतिक अनुकूलता के साथ बाघों का पेट भरने पर्याप्त शिकार की व्यवस्था होना जरूरी है। तभी बाघों की संख्या में वृद्धि हो पाना संभव है। बाघों की गणना रिपोर्ट आने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या पूर्व में चार की तुलना में आठ होने का वन अफसर दावा कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार एटीआर में वर्तमान में दो नर बाघ के पीछे छह मादा बाघ हैं, इससे क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा होने का दावा किया गया है। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश से बाघ लाकर रि इंट्रोड्यूस करने का निर्णय लिया था, तब एटीआर में चार बाघ थे। एटीआर के फील्ड डायरेटर एस. जगदीशन के मुताबिक ट्रैप कैमरा में एटीआर में अब तक आठ बाघों के होने की पुष्टि हुई है। अफसर के अनुसार एटीआर में वर्तमान में जितने बाघ हैं, उनकी सुरक्षा के साथ बाघों को शिकार करने पर्याप्त हर्बिबोर मिले, इस ओर पहले ध्यान दिया जा रहा है।

- कानन पेंडारी के बाद जंगल सफारी से चीतल शिफ्ट करने इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा
- एटीआर में दो नर बाघ के लिए आधा दर्जन मादा बाघ होने का दावा
- एनटीसीए ने एटीआर में दूसरे टाइगर रिजर्व से बाघ लाकर शिफ्ट करने की दी है अनुमति




### शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति

अफसर के अनुसार पिछले वर्ष सितंबर अक्टूबर में एनटीसीए ने शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति प्रदान की है। एनटीसीए की पहली शर्त बाघों की सुरक्षा है। इसके बाद दूसरी शर्त बाघों के पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में हर्बिबोर होने की शर्त है। एनटीसीए की शर्तों को पूरा करने एटीआर में चीतल की संख्या बढ़ाने उपाय किए जा रहे हैं।

### सफारी से ले जाएंगे डेढ़ सौ चीतल

बाघों को शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर मिल सके, इसके लिए जंगल सफारी से डेढ़ सौ चीतल अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करने की जानकारी फील्ड डायरेक्टर ने दी है। अफसर के अनुसार एटीआर में चीतल शिफ्ट करने के पहले इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा है, जो फरवरी तक कंपलीट हो जाएगा।

### ऐसे छोड़ेंगे चीतल को जंगल में

जंगल सफारी से चीतल अचानकमार में शिफ्ट करने के बाद उन्हें जंगल में ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। इनक्लोजर में चीतल की ब्रीडिंग होने के बाद उसी अनुपात में वयस्क चीतल जंगल में छोड़े जाएंगे। उल्लेखनीय है कि चीतल का ब्रीडिंग 90 से 100 दिन के भीतर होता है। सफारी से चीतल शिफ्ट करने के बाद जंगल में चीतलों को छोड़ने कम से कम तीन महीने का समय लगेगा।

### शिकार के लिए प्रति 27 वर्ग किलोमीटर में चीतल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वर्तमान में आठ बाघ स्थायी रूप से रह रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक बाघ के लिए वर्तमान में 27 वर्ग किलोमीटर में एक हर्बिबोर प्रजाति का वन्यजीव है, जबकि मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार के लिए प्रति 10 वर्ग किलोमीटर में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव हैं।

### स्थिति अनुकूल नहीं होने पर दूसरे जंगल शिफ्ट

अफसर के अनुसार बाघों को अनुकूल परिस्थिति मिले, इसमें प्रमुख रूप से बाघों की मेटिंग के साथ पीने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था के साथ शिकार के लिए वन्यजीवों का होना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर बाघ किसी दूसरे जंगल में शिफ्ट हो जाएंगे या फिर रहवासी क्षेत्र में घुसकर मवेशियों के साथ जान माल को नुकसान पहुंचाएंगे।

### सौ से ज्यादा बीट में 39 फॉरेस्ट गार्ड

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में पेट्रोलिंग करने के लिए 109 बीट हैं। इन 109 बीट में पेट्रोलिंग करने वर्तमान में 39 के करीब फॉरेस्ट गार्ड हैं, जिन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एनटीसीए की सुरक्षा शर्तों को पूरा करने एटीआर में प्रति 10 किलोमीटर में कैंप बनाने के साथ फॉरेस्ट गार्ड की संख्या बढ़ाने एटीआर प्रबंधन शासन को पत्र लिखने की बात कह रहा है।

## मुद्दा : सदस्यों ने पूछा- कहां और कब होती है वार्ड में फागिंग?

# मच्छर उन्मूलन को लेकर मची हायतौबा, मेयर के सामने हेल्थ अफसर पर बिफरे एमआईसी मेंबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर में मच्छरों के उन्मूलन को लेकर की जा रही फागिंग को लेकर निगम में गुरुवार को हायतौबा मच गई। महापौर के सामने ही उनके वरिष्ठ सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त एके हालदार पर सवालों की झड़ी लगा दी। श्री हालदार ने जवाब में बताया कि सभी जगह जोन के माध्यम से फागिंग कराई जा रही है। इस पर सदस्य बिफर उठे। एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने कहा उनके वार्ड में नियमित फागिंग नहीं हो रही। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने भी सवाल दाग दिया कि उनके वार्ड में भी फागिंग नही हो रही क्यों?

महापौर एजाज ढेबर के सामने ही मच्छरों के उन्मूलन को लेकर सदस्यों ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के सामने एक-एक कर सवाल जड़ दिए। एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने श्री हालदार से पूछा उनके वार्ड में नियमित रूप से फागिंग क्यों नहीं हो रही? 10 लीटर डीजल में सप्ताह में दो दिन फागिंग होती है ऐसा क्यों? जवाब में स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा एमआईसी बैठक में संबंधित जोन कमिश्नर ने वार्डों में फागिंग कराने की बात कही है। सदस्य ने कहा आप ही जेडएचओ से पूछ लें क्या स्थिति है, पता चला 10 लीटर डीजल लेकर सप्ताह में मात्र दो दिन फागिंग करा रहे हैं। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने कहा उनके वार्ड में तो फागिंग ही नहीं हो रही, फिर मच्छरों से लोगों को कैसे निजात मिलेगी?




### शहर से कैसे खत्म होंगे मच्छर, कोई मॉडल है क्या?

एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से सवाल किया, शहर में कैसे खत्म होगा मच्छर? आपके पास कोई मॉडल है तो लेकर आएं? जिस तरह देशभर में पोलियो के समूल खात्मे के लिए पल्स पोलियो अभियान कारगर हुआ, उसी तर्ज पर पूरे शहर में मच्छर उन्मूलन की योजना क्यों नहीं बनाते? वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा शहर में मच्छरों की समस्या का प्रमुख कारण ओपन ड्रेनेज है। नाले-नालियों को जब तक पूरी तरह कवर्ड नहीं करेंगे, मच्छरों की समस्या रहेगी। उन्होंने कहा, महापौर का प्रपोजल है कि मच्छरों के उन्मूलन का काम ठेका में दिया जाए, पर इसमें रिजल्ट की गारंटी हो तब बात बनेगी। जवाब में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त एके हालदार ने बताया हमने प्रपोजल बनाया है, जिसमें शहरभर से मच्छरों के उन्मूलन के लिए कांट्रेक्ट में काम देंगे। एजेंसी ही शहरभर में फागिंग कराएगी। इसमें 50 फीसदी राशि पहले देनी होगी, बाकी के 50 फीसदी रिजल्ट देखकर देने की शर्त रहेगी। महापौर एजाज ढेबर ने सदस्यों की बात सुनकर इसकी समग्र योजना बनाने विभागीय अधिकारी को हिदायत दी।

### डॉग शेल्टर का जल्द पूरा कराएं काम : ढेबर

महापौर एजाज ढेबर ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया, लोगों को डाग बाइट से बचाने शहर के आउटर में डाग शेल्टर बनाने का काम जल्द पूरा कराएं। हर हाल में यह काम समय पर पूरा होना चाहिए। विदित हो, सोनडोंगरी में प्रदेश का पहला डाग शेल्टर होम नगर निगम बनवा रहा है। इससे आने वाले दिनों में आवारा कुत्तों की दहशहत से लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही बीमार व कमजोर कुत्तों के उपचार की व्यवस्था बनाने में आसानी होगी।

## शराब खरीदने के विवाद पर युवक की हत्या, सवा महीने बाद हत्या का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में सवा महीने पूर्व शराब खरीदने के विवाद पर युवक की लात-घूंसे तथा डंडा से पिटाई के बाद मौत के मामले में पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एक ही गांव के आठ लोगों के खिलाफ बलवा तथा हत्या का अपराध दर्ज किया है। घटना नवा रायपुर सीबीडी बिल्डिंग स्थित प्रीमियम शराब दुकान के पास की है। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार किया है।

- मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर प्रीमियम शराब दुकान की घटना

पुलिस के मुताबिक माना निवासी गौकरण यादव की हत्या के आरोप में कयाबांधा निवासी सुनील पाल, हरीश यादव, साहेब दास मानिकपुरी, भूपेंद्र बंजारे, जय प्रकाश पाल, दीपक दास मानिकपुरी, आदित्य राज कंडरा तथा कुहेरा निवासी प्रकाश पाल, हरीश धीवर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 15 नवंबर को शाम चार बजे गौकरण अपने एक अन्य साथी के साथ प्रीमियम शॉप में शराब खरीदने के लिए गया था। इसी दौरान उनका सुनील पाल तथा उसके साथियों के साथ शराब खरीदने की बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद सुनील तथा उसके साथियों ने गौकरण तथा उसके साथी की लात-घूंसों तथा डंडे से पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल गौकरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### अंतड़ी फटने से हुई मौत

गौकरण की पीएम रिपोर्ट में पेट में चोट आने तथा अंतड़ी फटने से अत्यधिक खून बहने की वजह से मौत होना बताया गया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फूटेज हासिल कर आसपास के लोगों से आरोपियों के बारे में पहचान की। आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस अब उनकी पतासाजी करने में जुटी है।

## प्रदेश दौरे पर पहुंचे चिन्मय पंड्या का गायत्री परिजनों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के युवा प्रमुख चिन्मय पंड्या प्रदेश के विभिन्न जिलों की यात्रा के सिलसिले में रायपुर पहुंचे। माना एयरपोर्ट पर उनका गायत्री परिवार के पदाधिकारियों के साथ महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वागत किया। श्री पंड्या सूरजपुर में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने के बाद कोटा होते हुए अमरकंटक स्थित गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे थे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए। गायत्री परिवार के युवा प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या हरिद्वार रवाना होने से पूर्व रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां उनसे मिलने के लिए गायत्री परिवार के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एयरपोर्ट पहुंचीं, जहां उन्होंने चिन्मय पंड्या को गायत्री माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर चर्चा की। विमानतल पर छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा के साथ पदाधिकारीयों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में कराए जा रहे गायत्री परिवार के कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही हरिद्वार के दिशा निर्देशानुसार चलाए जा रहे कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग मंत्री ने युवा प्रमुख से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में गायत्री परिवार द्वारा माताओं, बहनों और बच्चों के लिए सप्त सूत्रीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन कार्यों में राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने ये भी कहा कि गायत्री परिवार द्वारा नई पीढ़ी को संस्कार और नैतिक शिक्षा दी जा रही है, जो अनुकरणीय है। इससे युवाओं का भविष्य बेहतर हो सकेगा।

## भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष बने बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भारत स्काउट एंड गाइड संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उन्हें भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष बनने का आग्रह किया। श्री अग्रवाल इसे स्वीकार कर भारत स्काउट एंड गाइड राज्य इकाई के अध्यक्ष बने। गौरतलब है कि राज्य के शिक्षामंत्री भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य इकाई के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

- स्काउट की गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता

शिक्षामंत्री श्री अग्रवाल ने कहा, भारत स्काउट एंड गाइड सेवा भावना से काम करने वाली संस्था है, जिसकी गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। आने वाले समय में इसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा। राज्य में सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रमों में स्काउट एंड गाइड के सदस्यों को वालंटियर के तौर पर शामिल किया जाए। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वॉलेंटियर के तौर पर व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी स्काउट एंड गाइड की रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त स्काउट एंड गाइड एवं पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य सचिव कैलाश सोनी, सोमनाथ यादव समेत बड़ी संख्या में स्काउट एंड गाइड के छत्तीसगढ़ इकाई के सदस्य मौजूद रहे।

## 2100 अधूरे पड़े मकान मार्च तक होंगे कंप्लीट, 40 हजार नए मकान भी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2021 से 2100 से ज्यादा मकान अधूरे पड़े हुए हैं। इन मकानों को फंड की कमी के कारण कंप्लीट नहीं किया जा रहा था।

अधूरे बने मकानों के कारण हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रदेश में नई सरकार बनते ही अब अधूरे मकानों की सुध लेते हुए इन्हें मार्च तक कंप्लीट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं योजना के तहत 40 हजार नए मकानों के निर्माण के लिए फंड भी जारी किया गया है। रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सीईओ अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त बनाए जाने से ठीक एक दिन पहले इसकी जानकारी दी थी।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 29 हजार 480 मकानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसके विरुद्ध 27 हजार के करीब मकानों का निर्माण कार्य कंप्लीट हो चुका है, जबकि 21 सौ से ज्यादा अब तक अधूरे हैं। इन मकानों में कइयों की पहली किस्त तो कइयों की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अधूरे मकानों का निर्माण कंप्लीट कराने के लिए 6 माह पहले फंड जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी इन मकानों को कंप्लीट नहीं किया गया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नए मकानों के निर्माण के लिए 25 करोड़ फंड जारी**

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### निर्माण कार्य में आएगी तेजी

*अधूरे मकानों का निर्माण कार्य में अब तेजी देखने को मिल सकती है। पूर्व सीईओ अबिनाश मिश्रा ने अधूरे मकानों का निर्माण कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि बारिश का सीजन और फिर विधानसभा चुनाव के कारण काम प्रभावित रहा, लेकिन सभी अधूरे मकानों को मार्च तक कंप्लीट करने के लिए कहा गया है, ताकि नए मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने बताया कि 40 हजार मकानों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए जारी किया गया है।*

**नए कलेक्टर गौरव सिंह ने संभाला कार्यभार : रायपुर।** रायपुर जिले के नवनियुक्त कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जिले के 21वें कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला। इस दौरान पूर्व कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, बीसी साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिले के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।




## पुलिस व्यवस्था में सुधार की मांग, 12 को मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** दुर्ग पुलिस के निलंबित आरक्षक संजीव मिश्रा ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने की मांग को लेकर संयुक्त पुलिस परिवार द्वारा 12 जनवरी को एक दिवसीय मौन प्रदर्शन करने रायपुर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है। आरक्षक ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पुलिस विभाग में वर्षों से कई कुप्रथा चली आ रही है। इस ओर विभाग तथा शासन का भी ध्यान आकर्षित किया गया है, बावजूद इसके अब तक निदान नहीं हो पाया है। आरक्षक ने एसएसपी कार्यालय में सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि आईपीएस तथा राज्य पुलिस सेवा से जुड़े पुलिस अफसरों का संगठन है, लेकिन निचले स्तर के पुलिसकर्मियों का कोई संगठन नहीं है, जहां वे अपनी बात रख सकें। आरक्षक ने पुलिस विभाग में सेवा दे रहे 40 हजार जवानों के पास रहने के लिए शासकीय आवास नहीं होने की बात कही है। इसके अलावा वेतन विसंगती दूर करने के साथ बस्तर में तैनात डीएसएफ जवानों को चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के बराबर वेतन देने का आरोप लगाया है। निचले स्तर के कर्मचारियों की परेशानी तथा विसंगती दूर करने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक मौन प्रदर्शन करने संजीव मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### शराब की अवैध बिक्री करते दो गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम में दो युवकों को 42 पाव शराब के साथ पकड़ा है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी भरत देवांगन पिता छोटेलाल देवांगन 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 लोडिंग क्वाटर घोड़ा मंदिर के पास को कोसरिया यादव समाज भवन के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1760 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी तरह आरोपी दशरथ निषाद पिता जनक लाल निषाद 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 22 मछली मार्केट को जेडी आफिस के सामने 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रूपये के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सेवानिवृत शिक्षकों का कोलिहामार में सम्मान 9 को

**गुरूर।** खण्ड स्तरीय सेवा निवृत शिक्षक सम्मान समारोह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के क्रीड़ागन कोलिहामार में 9 जनवरी को दोपहर 2 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर तिलक राम साहू होंगे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी साव करेंगे। विशेष अतिथिगण प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय माहुद कमल राम साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चंद्राकर रहेंगे। यह कार्यक्रम सेवानिवृत शिक्षक सम्मान आयोजन समिति एवं शिक्षक वृंद विकास खण्ड गुरुर जिला बालोद के तत्वधान में आयोजन किया गया है।

---

**सियासत**

**जिला पंचायत सदस्यों के संवैधानिक अधिकारों का हनन, गलत राजनीतिक परम्परा**

# जिपं सदस्य प्रज्ञा ने लगाया विकास कार्य की राशि के बंदरबाट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

15वें वित्त के अनुदान राशि के एकतरफा बंटवारे से छुब्ध, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जिला पंचायत सदस्यों को इस बंदरबांट के खिलाफ न्यालय के शरण जाने की बात कहते हुए इसे पंचायती राज अधिनियम द्वारा प्रदत्त चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अधिकारों को कुचलने वाला बताया है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा यह सिर्फ सदस्यों बल्कि उनके प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्र के हजारों ग्रामीण महिला एवं पुरुष मतदाताओं का घोर अपमान है, उनके अधिकारों की सरेआम हत्या है।

हुआ यह कि जिला पंचायत में विकास हेतु आये हुए 11 करोड़ 60 लाख रुपयों का जिला पंचायत सदस्यों के अनुशंसा पर विभिन्न तय मदों में विकास कार्य कराए जाने थे, जो कि पूरे बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के लिए थे। बेमेतरा जिला पंचायत के कुल 14

### 15वें वित्त के अनुदान राशि के एक तरफा बंटवारे से छुब्ध हैं प्रज्ञा



सदस्यों में भाजपा के 8 और कांग्रेस के 6 निर्वाचित सदस्य हैं।

पंचायतीराज अधिनियम के तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों के अनुसंशा से उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने हैं, पर कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र के विकास कार्य के सिफारिसों को दर किनार कर सिर्फ भाजपा के 8 सदस्यों के बीच ही पूरी राशि के कार्यो का नियम विरुद्ध बंटवारे का प्रस्ताव कर दिया गया। इस प्रस्ताव को छत्तीसगढ़ पंचायती राज्य अधिनियम के तहत निर्वाचित सदस्यों को प्रदत्त अधिकारों का हनन बताते हुए प्रस्ताव के

विरोध में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने न्यालय जाने की बात कही है। उन्होंने कहा यह प्रथा अगर कायम हो गई तो, बहुमत में न आने वाले दल के सदस्यों की स्थिति उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में शून्य रहेगी। पूरे छत्तीसगढ़ के पंचायती राज के इतिहास में बेमेतरा में यह पहला मामला है।

जो बेहद दुःखद और निराशाजनक है। लोकतंत्र में बहुमत का सम्मान है पर बहुमत की आड़ में तानाशाही बर्दास्त नही कर सकते। यह देश, यह राज्य बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा बनाये हुए सविंधान की किताब से चलेगा, यह कहां लिखा है कि जो दल सत्ता में न आ पाई उनके सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र में काम नही होंगे।

वहां के निवासी क्या अछूत हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल रहने का अधिकार नही? बेमेतरा जिला पंचायत का यह प्रस्ताव सचमुच बेहद लज्जा जनक है। बेमेतरा अंतर्गत साजा, नवागढ़, बेरला बेमेतरा सभी जनपद सदस्य चाहे वो किसी भी दल के हों सब को बराबर विकास हेतु अनुदान राशि के लिए प्राप्त अनुसंशाओं का पालन करते हुए विभाजन किया गया है। लेकिन जिला पंचायत बेमेतरा में चुनिंदा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के विरोध में जिला पंचायत बेमेतरा के सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, शुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, लक्ष्मी पटेल ने पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की बात कही है।

---

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए 13-14 को मतदान केन्द्रों में लगेगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज 6 जनवरी को किया जाएगा। इसके बाद 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा।

1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाता फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 भरे जायेंगे तथा फोटो परिचय पत्र में त्रुटि सुधार, डुप्लीकेट परिचय पत्र, एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरित करने के लिए फार्म-08 भरे जायेंगे। इस प्रकार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति 22 जनवरी 2024 तक मतदान केन्द्र में नियुक्त अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा स्वीकार किये जायेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं त्रुटि सुधार हेतु फार्म-6, 7 एवं 8 ऑनलाईन मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अथवा HYPERLINK /"http://www.nvsp.in/"www.nvsp.in में लॉग-इन कर भरा जा सकता है। नये मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, अंकसूची (जन्मतिथि के लिए) स्वयं का फोटो तथा परिवार के सदस्य का परिचय पत्र के फाटोकॉपी की आवश्यकता होगी। पुराने मतदाता फार्म-08 भरकर स्थानांतरित करा सकेंगे एवं नये मतदाताओं के लिए आवेदन फार्म-06 में ही स्वीकार किये जायेंगे।

---

# विस क्षेत्र में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं होंगे : विधायक ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जनपद पंचायत सभागृह में विधायक ईश्वर साहू ने ब्लॉक के समस्त विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अपना रवैया बदलने की हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बदल गई है, इस बात को ध्यान में रखकर अफसर कार्य करें।

> ■ जनपद की बैठक में विधायक ने दिखाये कड़े रूख, कहा- कहीं भी नहीं चलेगी

जनता को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। आबकारी विभाग को स्पष्ट रूप से आदेश दिया गया कि कहीं भी चकना दुकान नहीं होना चाहिए। वहीं शराब दुकानों को लेकर भी कुछ शिकायतों पर दुकान के लिए जगह बदलने के निर्देश दिए। विधायक के इस निर्णय का उपस्थिति सभी लोगों ने स्वागत किया। वहीं मंडी बोर्ड के कार्यों पर विधायक ने कड़ी





नाराजगी जताते हुए विभाग के एसडीओ को फटकार लगाई। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़कों के साथ विस्तृत जानकारी लेकर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। बैठक में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अफसर अपनी कार्यशाली में परिवर्तन लाकर कार्य करें। पुलिस विभाग द्वारा गत दिनों वीरनपुर में पुलिस चौकी खुलने पर किसी को सूचना नहीं दिए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि कोई भी लोकार्पण, भूमि पूजन सत्ता और संगठन की जानकारी लेकर ही किया जाए। मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार किसी के तबादले से वास्ता नहीं रखती। अधिकारी ईमानदारी से अपना कार्य करें। जिला पंचायत सदस्य गुड्डा पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में एसडीएम सीईओ प्रकाश मेश्राम, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, विद्युत मंडल, खाद्य विभाग, माइनिंग विभाग, मंडी बोर्ड, जल संसाधन, आबकारी विभाग, लोक निर्माण, लोक यांत्रिकी विभाग सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मंडी बोर्ड के कार्यों को लेकर जतायी नाराजगी

क्षेत्र में चल रहे मंडी बोर्ड के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार चर्चा का विषय बना रहा। विदित हो कि इस विभाग के कार्य के बारे में किसी को जानकारी नहीं होती, विभाग के अवसर सिर्फ ठेकेदारी के फोन रिसीव करते हैं। कौन से निर्माण कितने लागत का है, इस बारे में सरपंच-सचिव भी नहीं जानते, यह सिर्फ ठेकेदार और अधिकारी के बीच रहता है। पहली बार विभाग के एसडीओ बैठक में पहुंचे, जो कोई भी जानकारी देने की स्थिति में नहीं थे। बैठक में विभाग द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी विस्तार से विधायक को देने के बाद आगे कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी। बैठक में नथमल कोठारी, हरिशंकर टावर, चंद्रशेखर साहू, बल्लू साहू, लोकनाथ पटेल, पुन्नी यादव, प्रहलाद वर्मा, ज्वाला सिंह, सतीश जैन सहित तमाम वरिष्ठजन उपस्थित थे।





